### एक नजर में



**कारगिल विजय दिवस पर किया भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान**

**नवभारत सीहोर.** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा कारगिल और द्रास की चोटियों पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. वहीं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया. चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव बताया कि देश के वीर शहीदों के नाम पर रविवार को भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया. तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क किनारे फल, फूल व औषधीय पौधे रोपित किए गए एवं उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए. साथ ही डॉ. नामदेव ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, राजकुमार गुप्ता, गौरव सन्नी महाजन, सीताराम यादव, सुदीप प्रजापति, गोपाल सोनी, बृजमोहन सोनी, संजय कुलकर्णी, हुकुम सिंह वर्मा, मुकेश इटावदिया, बैरागी, रवि पारे, घनश्याम यादव सहित पूर्व सैनिक उपस्थित थे.



**पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाना पड़ गया मंहगा**

**नवभारत बुधनी.** रविवार को पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाना उस समय मंहगा पड़ गया जब प्रशासनिक अमले द्वारा कार्यवाही की गई. अमरगढ़, दिगंबर, मिड़घाट एरिया सहित अन्य जलप्रपात क्षेत्र में प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं और चोरी छिपे प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं. रविवार को प्रशासनिक टीम द्वारा तहसील के अमरगढ़ वॉटर फाल प्रतिबंधित क्षेत्र में शाहगंज पुलिस द्वारा चोरी छिपे गए 16 पर्यटकों पर कार्यवाही की है. वहीं 5 वाहन भी बरामद किए. गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरु द्वारा पूर्व में हुए हादसों को लेकर अमरगढ़, दिग्मबर, मिड़घाट एरिया झरना क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाओं और प्राकृतिक खतरे को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर आमजन के प्रवेश पर रोक लगाई गई है. इसके बावजूद भी पर्यटक बाज नहीं आ रहे हैं.



**गुरुकुल में विद्यार्थियों का बताए नशे के दुष्परिणाम**

**नवभारत बुधनी.** एसडीओपी द्वारा क्षेत्रांतर्गत महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ जर्रापुर में थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया. अभियान के दौरान गुरुकुल के विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान में नशे के प्रति जागरुक किया. इस दौरान गुरुकुल में पोस्टर, बैनर लगवाए गए. साथ नशा मुक्ति के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई गई. इसी प्रकार थाना रेहटी क्षेत्र में ग्राम बायां में छात्रावास में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव व नशामुक्ति की शपथ दिलाई. वहीं थाना शाहगंज में बालिका छात्रावास में नशामुक्ति अभियान चलाया गया.




**श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय में हुआ व्यास पूजन कार्यक्रम**

**नवभारत सीहोर.** श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय में कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में व्यास पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कौशल प्रताप सिंह एवं प्राचार्य पीजी कॉलेज रोहिताश्व कुमार शर्मा मौजूद थे. स्वागत भाषण कुलगुरु डॉ हेमंत शर्मा एवं परिचय भाषण परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर ने दिया. अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया. कार्यक्रम में कौशल प्रताप सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन में गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करें और ज्ञान को सदैव सम्मान दें. प्रो. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि व्यास पूजन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह उस परंपरा का स्मरण है, जिसने भारत को विश्व गुरु बनाया. कार्यक्रम में डॉ ओम प्रकाश परमार, डॉ गोविंद मसूरे, डॉ मनोज शर्मा, शोभा चांडक, राजेश पाठक, रवि राठौर, अंकित जोशी, डॉ गार्गी सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे.



**पुलिस ने जनसंवाद कर नशामुक्ति की दी जानकारी**


**नवभारत आष्टा.** अनुभाग के थाना आष्टा, पार्वती, जावर एवं सिद्दीकगंज थाना द्वारा कस्बा क्षेत्र में पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया गया. अभियान अंतर्गत चौपाटी अलीपुर, अरनियागाजी जोड़, जावर, सिद्दीकगंज में सार्वजनिक स्थानों, बाजार एवं मुख्य चौराहों पर व्यापारी वर्ग, दुकानदार एवं नागरिकों से जनसवांद कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं नशे की लत छुड़वाने की जानाकरी एवं समाईश दी गई.

# लोमहर्षक हादसे में मां-बेटे व बहू की मौत


## तहसील के ग्राम बोरखेड़ा बामन का परिवार इंदौर से लौट रहा था, रास्ते में अनियंत्रित होकर पलटी कार

- मौखा पिपलिया गांव के पास खेत में उतरकर पलटी कार
- कार में सवार दो अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया





**भैरूंदा.** भीषण सड़क हादसे में श्रीमती सुनीता शर्मा पुत्र अभिषेक शर्मा और बहू नेहा शर्मा की दुखद मृत्यु से गांव में शोक का माहौल है.



सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई कार

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा. रविवार को देवास जिले के ग्राम चापड़ा-बिजवाड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में तहसील के ग्राम बोरखेड़ा बामन गांव निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में मां- बेटा और बहू शामिल हैं.**

जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा बामन निवासी पुरोहित-शर्मा परिवार के गोपाल शर्मा की धर्मपत्नी सुनीता शर्मा शिक्षिका आयु 55 वर्ष, अपने बड़े बेटे अभिषेक शर्मा आयु 35 वर्ष, बहू नेहा शर्मा आयु 30 वर्ष, छोटे बेटे अमितेश एवं भाई लोकेश के साथ में इंदौर से कार द्वारा वापस भैरूंदा आ रहे थे. बताया जा रहा है कि चापड़ा-बिजवाड़ के बीच में मौखा पिपलिया के पास उनकी कार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई. गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी, जिसमें सुनीता शर्मा, बेटे अभिषेक शर्मा, बहू नेहा शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं छोटे बेटे एवं भाई को इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. छोटे बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं. भाई को भी चोटें आई हैं फिलहाल उनका इलाज जारी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को गाड़ी के बाहर निकाला. मां - बेटे की मौत मौके पर ही हो गई, वहीं बहू ने अस्पताल लाते वक्त दम तोड़ा. ग्रामीणों ने बताया कि पुरोहित-शर्मा परिवार बेहद मिलनसार था. बोरखेड़ा बामन गांव उनका पैतृक गांव है, लेकिन नौकरी एवं पढ़ाई-लिखाई के लिए वे भैरूंदा में रहने लगे. त्यौहारों, अवकाश पर वे लगातार यहां आते-जाते रहते थे. गांव में हर एक व्यक्ति से वह गर्मजोशी से मिलते थे.

**एक घर से उठी तीन अर्थियां, हर आंख हुई नम**

भैरूंदा तहसील का बोरखेड़ा बामन गांव, जहां पर हर दिन की तरह सब कुछ सामान्य था. लोग अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे, किसान खेतों की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान गांव में एक खबर सुनाई दी. इसके बाद गांव में पूरी तरह से मातम छा गया. लोगों तक यह खबर पहुंची वे गमगीन हो गए और सब अपने कामों को छोड़कर पुरोहित परिवार के घर पर पहुंचने लगे. गांव में पूरी तरह से मातम छा गया. पुरोहित-शर्मा परिवार पर तो वज्रपात हो गया. परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई तो वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए. जब गांव से तीनों की अर्थियां उठी तो गांव के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी की आंखें नम हो गई. गांव वालों ने इससे पहले ऐसा दुख कभी नहीं देखा. एक साथ तीन अर्थियां देखकर कोई भी अपने आपको नहीं रोक पाया.

## मंदिर में प्रतिमा तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

बुधनी. नजदीक शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूदोन में बीती रात ग्राम के बीच खेत में बने एक मन्दिर में हनुमानजी की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया. मंदिर के पुजारी की मृत्यु के बाद भगवान पर विश्वास न करने वाले पुजारी के बेटे ने घटना का अंजाम दिया है. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. एसडीएम दिनेश सिंह तोमर और एसडीओपी रवि शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए. पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. बताया जाता है कि ग्राम सूदोन में रहने वाले 20 वर्षीय युवक विशाल पुत्र स्व गेंदालाल भल्लावी ने इस घटना को अंजाम दिया है. पुलिस पूछताछ में घटना के पीछे की आई कहानी हैरान करने वाली है जिसमें पता चला है कि युवक के पिताजी ग्राम में बने मन्दिर में हनुमान भक्त थे. लम्बे समय से पूजा-अर्चना करते चले आ रहे थे. कुछ माह पूर्व उनका निधन हुआ था. जिसको लेकर युवक के अंदर भगवान के प्रति हीन भावना पैदा हो गई थी. इस वजह से उसने इस शर्मनाक घटना को अंजाम दिया

## पहाड़ी पर पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** मंडी थाना क्षेत्रांतर्गत सोया चौपाल के समीप पहाड़ी पर एक पेड़ से लटके व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर उसकी शिनाख्त कराई. उक्त शव भोपाल के कोलार निवासी एक व्यक्ति का है. पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है.

मंडी थानातंर्गते रफीकगंज ढेकिया स्थित पहाड़िया पर अनेक क्रेशर लगी हैं. रविवार की सुबह एक डम्पर चालक को झाड़ियों के पीछे एक पेड़ पर फांसी के फंदे में शव लटका नजर आया. उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी. इसके बाद मंडी पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और उसकी तलाशी ली. जेब में एक पर्ची मिली जिसमें फोन नंबर लिखे थे. पुलिस ने जब एक नंबर पर कॉल किया मृतक के पिता से बात हो गई. कोलार की सर्वधर्म



कालोनी निवासी कैलाशचंद ने पुलिस को बताया कि उसका 45 वर्षीय पुत्र विक्रम शुक्रवार से बिना बताए घर से चला गया है. पुलिस ने जब मृतक का फोटो भेजा तो उन्होंने शिनाख्त करते हुए बताया कि उनके पुत्र विक्रम का तीन माह पूर्व सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक आंख की रोशनी चली गई थी तो दिमाग पर भी चोट का असर हुआ था. वह अक्सर घर से चला जाता था. उन्होंने गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज नहीं कराई थी.

# कार में सवार प्रेमी युगल ने खाया जहर, दोनों की मौत

- आशापुर थाने में दर्ज है युवती के अगवा होने की रिपोर्ट
- युवती ने जिला अस्पताल में व युवक ने भोपाल में तोड़ा दम




**सीहोर.** हाईवे पर कार में मिले युवक-युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** शनिवार की देर शाम भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित एक ढाबे पर उस वक्त सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब ढाबे के पास एक कार में युवक और युवती बेसुध अवस्था में मिले. राहगीरों की सूचना पर डायल 100 और एम्बुलेंस 108 मौके पर पहुंची. दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि युवक ने भोपाल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम लगभग आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे स्थित एक ढाबे पर खड़ी कार में एक युवक- युवती बेसुध हालत में पड़े हैं. पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया. बताया जाता है कि उपचार के दौरान युवक ने भी भोपाल के अस्पताल में दम तोड़ दिया था.

थाना कोतवाली पुलिस ने जब कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अमलाहा टोल प्लाजा पर जानकारी जुटाई तो फास्टटेग से रजिस्टर्ड नबंर मिला. उस नंबर पर मैसेज किया गया तो पता चला कि कार में 17 वर्षीय काजल पिता सत्यनारायण ग्राम खोकरिया खंडवा एवं 23 वर्षीय विजय आ. नवलसिंह निवासी छनेरा थे. कार मृतक विजय के दोस्त की बताई जाती है. सूचना मिलने के बाद मृतिका के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे जहां शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि मृतिका के परिजनों ने हरसूद के आशापुर पुलिस चौकी पर नाबालिग को बहला- फुसलाकर अगवा किए जाने का प्रकरण दर्ज कराया था. इससे संभावना बन रही है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों युवक- युवती अपने घर से भाग तो आए, लेकिन परिवार वालों के भय के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया.

**मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है**

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मृतिका काजल के परिजनों ने हरसूद के आशापुर पुलिस चौकी में दो दिन पहले काजल को अगवा करने का प्रकरण दर्ज कराया था. परिजनों से पूछताछ के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी. उक्त मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है.

**रविन्द्र यादव**
थाना कोतवाली प्रभारी

# पुजारी को धमकाया, सकल हिंदू कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

- लेनदेन के मामले में गणेश मंदिर के पुजारी को धमकाया
- मंडी पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग को कर लिया था गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** प्राचीन गणेश मंदिर में एक व्यक्ति द्वारा पुजारी को धमकाने और हत्यार लेकर मंदिर प्रांगण में जान से मारने की धमकी देने ओर अड़ी बाजी करने वाले मामले में पीड़ित परिवार द्वारा सकल हिन्दू समाज की बैठक बुला कर न्याय की मांग की है.

पीड़ित परिवार से नगर पुरोहित चिंतामण गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पृथ्वी बल्लभ दुबे का कहना है अपराधी के विरुद्ध उचित कानूनी कारवाही नहीं की गई है. जमानती धाराओं में केस दर्ज



किया गया है. जबकि अपराधी मंदिर प्रांगण में जान से मारने के इरादे से आया था और वीडियो में उसके द्वारा किया कृत सीधे ओर साफ दिख रहा है. ये हमला हम पर नहीं सकल सनातन पर हुआ है. आज देश में पुजारी जो धर्म के लिए सदैव तत्पर रहता है वो सुरक्षित नहीं है तो कौन सुरक्षित रहेगा.

पृथ्वी बल्लभ दुबे ने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन गणेश जी की सेवा में रहते हुए इस नगर के हर वर्ग के लिए सदैव मंगल कामनाएं की हैं. मेरी पूरी उम्र शहर के सभी जाति वर्ग के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है. आज मैं आप सभी से इस विकट परिस्थित में निवेदन करता हूं कि मेरा सहयोग करें. उन्होंने सकल हिन्दू समाज से निवेदन किया है कि मंगलवार को प्रात: 11 बजे सर्वब्राह्मण समाज धर्मशाला पर एकत्रित होकर कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए उपस्थित हों. पीड़ित परिवार सकल हिन्दू समाज को साथ लेकर अब मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा.

इस मामले के आरोपी महेश यादव को मंडी पुलिस शनिवार को ही गिरफ्तार कर चुकी है. रविवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने के आदेश जारी किए गए. इस मामले को लेकर शहर में विभिन्न प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं. नागरिक इस कृत्य की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## दहोटा घाट शिव मंदिर पहुंचकर किया अभिषेक

**नवभारत न्यूज**

**शाहगंज.** रविवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में श्रद्धालुओं द्वारा विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया. कावड़ यात्रा में सभी शिव भक्त एवं श्रद्धालु केसरिया वस्त्र पहने हुए हाथों में भगवा ध्वज एवं कावड़ लिए डीजे की धुनों पर भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए बड़ी संख्या में शामिल हुए.

कावड़ यात्रा की शुरुआत मां नर्मदा के प्राचीन सीढ़ी घाट से मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर कावड़ में मां नर्मदा का जल भरकर हुई. कांवड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई 15 किलोमीटर दूर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर दहोटा घाट पर पहुंची. जहां पर कावड़ यात्रा में शामिल समस्त कावड़ियों ने भगवान भोलेनाथ




की विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया.

कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया. कावड़ यात्रियों द्वारा शिव मंदिर दहोटा घाट पर पूजन अभिषेक के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.

## सर्वेक्षण में नपा अव्वल, वेतन देने में फिसड्डी

**नवभारत न्यूज**

सीहोर. जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि पिछले दिनों स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में नंबर दो तथा प्रदेश में नंबर एक पर आने वाली सीहोर नपा अपने कर्मचारियों को वेतन देने के मामले में फिसड्डी साबित हुई है और सावन के महीने और आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार के समय भी नपा द्वारा अपने कर्मचारियों को वेतन ना देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है.

उन्होंने कहा है कि एक तरफ तो नपा हर चीज में नंबर एक पर आने के लिए कर्मचारियों से दिन-रात मेहनत कराती है, तो वहीं जब उनको वेतन देने की बारी आती है तो अपने हाथ खड़े कर लेती है, ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. पंकज शर्मा ने सीहोर नपा परिषद से तत्काल कर्मचारियों को



वेतन भुगतान करने की मांग की है ताकि वो पवित्र सावन के महीने और आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार को अच्छे से मना सकें और उनको त्योहारों के समय आर्थिक परेशानियों का सामना ना करना पड़े. उन्होंने कहा कि वेतन समय पर मिलने से कर्मचारी और अधिक तन्मयता से अपना काम करेंगे और अगली बार सीहोर नपा पूरे देश में स्वच्छता सहित हर मामले में पहले पायदान पर होगी.

**वारदात** | पुलिस ने आरोपियों की तलाश प्रारंभ की

# अज्ञात बदमाशों ने किया बस पर पथराव

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ऊंचाखेड़ा के पास बीती शाम भैरूंदा से नर्मदापुरम की ओर आ रही बस पर बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया. जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.

जानकारी के अनुसार बीती शाम भैरूंदा से नर्मदापुरम की ओर आ रही बस जैसे ही ऊंचाखेड़ा के पास पहुंची तो एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने बस पर पथराव कर दिया. जिससे चालक सहित बस में बैठी सवारियां घबरा गई. वहीं बस में सवार बुधनी निवासी पप्पू शर्मा जो रमगड़ा से वापस आ रहे



थे. इस घटना में पत्थर सीधे उनके मुंह पर लगा जिसमें वो गंभीर घायल हो गए. घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकले.

बताया जाता है कि बस चालक ने इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी. जिसमें परिजनों ने घायल पप्पू शर्मा को नजदीक मधुबन अस्पताल लाया गया. जहां उनका उपचार जारी है. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में तलाश की जा रही है. सूत्रों के अनुसार बाइक सवार युवक नशे में चूर देखे गए थे, जो सलकनपुर की ओर जाते दिखाई दिए. जिसको लेकर पुलिस और परिजन सीसीटीवी कैमरे में युवकों की तलाश की जा रही है. इस मामले में शर्मा टेंट हाउस संचालक ललित शर्मा ने एसडीओपी रवि शर्मा को घटना को लेकर जानकारी दी है.

## 335 गर्भवती महिलाओं की शिविर में जांच

**सीहोर.** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 335 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई. जिसमें 163 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई. सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है. गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है. अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है. इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर किया जाता है. स्वास्थ्य जाँच के लिए निशुल्क पिकअप एवं ड्राप की सुविधा है.